State Services, joined Civil Class I posts under the Government of India after the age of superannuation is shown below :—

1951 .	Nil.
1952 .	2
1953 .	9
1954 .	1
1955 .	Nil.

This does not include appointments made in the Railways for which figures are not readily available.

भारतीय स्वाधीनता संग्राम का इतिहास

३५५. **श्री एस० एन० दास** : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि १८५७ के भारतीय स्वाधीनता संग्राम का प्रामाणिक इतिहास तैयार करने की दिशा में अब तक क्या प्रगति हुई है ?

शिक्षा मंत्री के सभासचिव (डा० एम० एम० दास) : इतिहास लिखने का कार्य डा० एस० एन० सेन को सौंप दिया गया है और उनको यह कार्य ३० जून, १९५६ के पूर्व ही पूरा करने को कहा गया है ताकि यह १० मई, १९५७ को छप सके ।

खनिज-निक्षेप

३५६. **श्री के० सी० सोधिया** : क्या **प्राकृतिक संसाधन और वैज्ञानिक गवेषणा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सागर जिले और उसके आसपास के किन किन स्थानों में १९५४–५५ के मौसम में भारतीय भूतत्वीय परिमाप द्वारा खनिज-निक्षेपों का पता लगाया गया था;

(ख) वहां पर उपलब्ध उन निक्षेपों की प्राक्कलित मात्रा क्या है ; और

(ग) क्या उनमें से किसी खनिज पदार्थ के सम्बन्ध में कोई बड़े पैमाने का कारखाना स्थापित किया जा सकता है ?

शिक्षा उपमंत्री (डा० के० एल० श्रीमाली) : (क) से (ग). आवश्यक जानकारी विवरण-पत्र के रूप में साथ ही प्रस्तुत की जाती है । [**देखिये** परिशिष्ट ५, अनुबन्ध सं० २८] ।